हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 2 मई 2026

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 शिकायतों का जल्द करें समाधान लापरवाही...



10 बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह



## खबर संक्षेप

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने में मुकदमा दर्ज

**कैथल।** कैथल शहर से एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कैथल शहर की कॉलोनी के व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 29 अप्रैल को बलकार नामक युवक उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर अनिल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

**कैथल।** कैथल के गांव मालाखेड़ी में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव सांघन के अजय ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 29 अप्रैल को जब वह अपने भाई गुरदीप के साथ बाइक पर सवार होकर गांव मालखेड़ी क्षेत्र से गुजर रहा था तो एक अज्ञात कार चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उसका भाई बुरी तरह से घायल हो गया। आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक चरण सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में एक व्यक्ति घायल, दी शिकायत

**कैथल।** गांव कसान में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव कसान के आंचल ने राजौंद थाना पुलिस को शिकायत में बताया कि 27 अप्रैल को कसान के महेंद्र और साहिल ने मिलकर लाठी और डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल राजवीर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने हजारों का गेहूं चुराया, मुकदमा दर्ज

**कैथल।** सीवन थाना पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। गांव थेह मुकेरियां के गुरविंदर सिंह ने सीवन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 अप्रैल को चोर गांव कांगथली स्थित उसकी आढत की दुकान से गेहूं के 16 बैग चुरा कर ले गए। हेड कांस्टेबल बलजीत ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### दुकानदार को दी जान से मारने की धमकी, केस

**जींद।** सफीदों स्थित वार्ड नंबर नौ में दो युवकों द्वारा सिगरेट छीनते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। शहर थाना सफीदों पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सफीदों स्थित वार्ड नंबर नौ निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 26 अप्रैल को सुबह वह दुकान पर था। तभी दो युवक आए और सिगरेट मांगी। रुपये मांगने पर उन्होंने सिगरेट के पैकेट छीन लिए और जान से मारने की धमकी दी। बाद में युवक मौके से फरार हो गए।

### रोडवेज ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

**जींद।** रोडवेज की बस ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अशरफगढ़ निवासी शकरूद्दीन ने पुलिस को दी शिकायत मेंबताया कि वह और उसका भाई करनाल के मूनक गांव में शादीशुदा हैं। गत 29 अप्रैल को वह अपनी पत्नी और छोटे भाई की पत्नी को लेकर बाइक पर ससुराल से अपने गांव आ रहा था। शाम को वह जींद-पानीपत रोड पर गांव रजाना खुर्द के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।

# मिशन बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा में चयनित छात्रों की काउंसलिंग आज

चयनित विद्यार्थियों को बुनियाद केंद्र आवंटित किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मिशन बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा में चयनित जिले के विद्यार्थियों की काउंसलिंग दो मई को शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग के बाद विद्यार्थियों को बुनियाद केंद्र आवंटित किए जाएंगे। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से बुनियाद कार्यक्रम के तहत कक्षाएं शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इस योजना के तहत नौंवीं कक्षा से ही विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। विकल्प संस्थान के माध्यम से विद्यार्थियों को जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं के लिए बेसिक कोचिंग दी जाती है। जिससे वे शुरुआती स्तर से ही अपनी तैयारी मजबूत कर सकें। चयनित विद्यार्थियों को बुनियाद केंद्रों पर आनलाइन माध्यम से कोचिंग दी जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों को ड्रेस, किताबें और यात्रा भत्ता भी प्रदान किया जाएगा ताकि वे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।




**जींद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जहां शनिवार को बच्चों की काउंसलिंग होगी।

### जींद जिला के 332 विद्यार्थियों का हुआ है चयन

बुनियाद की काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थी के पास उसका आधार कार्ड, माता-पिता का आधार कार्ड, आठवीं कक्षा की पासिंग मार्कशीट, स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एसएलसी), परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) जाति प्रमाण पत्र (जहां जरूरत हो) व चार पासपोर्ट साइज फोटो रहना चाहिए। मिशन बुनियाद लेवल 3 में जींद जिला के 332 विद्यार्थी शामिल हैं, जिनमें 181 लड़कियां व 151 लड़के शामिल हैं। मिशन बुनियाद लेवल 3 की परीक्षा 17 अप्रैल को गोहाना रोड स्थित राजकीय महिला कालेज में हुई थी। इसमें जिलेभर के 538 विद्यार्थियों में से 462 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जबकि 76 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे थे। मिशन बुनियाद कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग व हरियाणा सरकार की ओर से विकल्प फाउंडेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को सक्षम व प्रशिक्षित करने के लिए शुरू किया गया कार्यक्रम है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना व उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नींव डालना है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की करवाई जाती है तैयारी

विकल्प संस्थान की ओर से बुनियाद कार्यक्रम के अंतर्गत नौवीं कक्षा से ही विद्यार्थियों को जेईई व नीट के लिए तैयार करना आरंभ कर दिया जाता है। जिसके लिए नौवीं व 10वीं कक्षा में ही उन्हें नीट व जेईई की बेसिक कोचिंग दी जाती है। चयनित विद्यार्थियों को बुनियाद कार्यक्रम में छात्रों को निशुल्क वर्दीए पाठ्य पुस्तकेंए टैबलेट के साथ ही बुनियाद सेंटर तक आने जाने के लिए भत्ता भी दिया जाता है। जिले में इस समय मिशन बुनियाद के तहत पांच केंद्र चल रहे हैं। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुलाना, माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों व पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना शामिल हैं। जिसमें लगभग 200 विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग ले रहे हैं।

### बुनियाद थर्ड लेवल परीक्षा परिणाम घोषित 365 में से 195 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

**कैथल।** विकल्प फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा बुनियाद बैच 2026–28 के लिए आयोजित थर्ड लेवल परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिला कैथल के कुल 365 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 195 विद्यार्थियों का चयन किया गया है जबकि शेष विद्यार्थियों को वेटिंग सूची में रखा गया है। चयनित एवं वेटिंग सूची में शामिल सभी विद्यार्थियों को आगे की प्रक्रिया हेतु आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ग्योंग में काउंसलिंग के लिए आमंत्रित किया गया है। यह काउंसलिंग 3 मई 2026 को प्रातः 8:00 बजे आयोजित की जाएगी। सभी विद्यार्थियों को समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कैथल सुभाष कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बुनियाद कार्यक्रम प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने में मदद करेगा।

## डीसी ने छोटी बच्चियों से करवाया हाउस लिस्टिंग कार्य का शुभारंभ

# जिले में तीन हजार कर्मचारी घर-घर जाकर करेंगे जनगणना का कार्य

जनगणना जनकल्याण के लिए बहुत सार्थक साबित होगी, प्रशासन तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला में जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने पिंडारा गांव में पहुंच कर छोटी बच्चियों से भारत की जनगणना 2027 लोगो अंकित का केक कटवा कर हाउस लिस्टिंग कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जनगणना जनकल्याण के लिए बहुत सार्थक साबित होगी। जिला में लगभग तीन हजार कर्मी घर-घर पहुंच कर सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़ों सहित आनलाइन तरीके से जानकारी इंद्राज करेंगे। इस दौरान एसडीएम सत्यवान मान, डीआरओ राजकुमार, डीईओ रीतू पंघाल, नायब तहसीलदार बलवान जाखड़, मुख्यालय जनगणना से सुखबीर नैन, उपायुक्त कार्यालय जनगणना ब्रांच से विक्रम मोर, दीपक सिंगला और नवीन सहित ब्लॉक क सुपरवाइजर और प्रगणक तथा गांव के सरपंच कुलदीप सिंह मौजूद रहे। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि प्रथम चरण के इस जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पूरा किया जाएगा। जनगणना देश की आधारभूत प्रक्रिया है, जिसके आधार पर सरकार की नीतियां और योजनाएं तैयार होती हैं। ऐसे में इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उपायुक्त ने आमजन से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में आने वाले प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का पूरा सहयोग करें और उन्हें सही, सटीक व अद्यतन जानकारी उपलब्ध करवाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना का उद्देश्य केवल जनसंख्या का सही आंकलन करना है, इसका किसी भी प्रकार की नागरिकता या व्यक्तिगत प्रोफाइलिंग से कोई संबंध नहीं है। इसलिए किसी भी प्रकार के भ्रम या आशंका में न रहें और निडर होकर सहयोग करें।



जींद। केक कटवा कर हाउस लिस्टिंग कार्य का शुभारंभ करवाते डीसी।

### समस्या होने पर हेल्पलाइन से लें सहायता

उपायुक्त ने कहा कि यदि किसी नागरिक, प्रगणक या पर्यवेक्षक को कोई समस्या आती है तो वे संबंधित पर्यवेक्षक या तहसीलदार से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जनगणना विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1855 एवं 01686-245206 जारी किया गया है। जिस पर जनगणना से जुड़ी जानकारी और सहायता प्राप्त की जा सकती है। हर शिकायत का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### हीट वेव को देखते हुए विशेष प्रबंध

उपायुक्त ने बताया कि फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। गर्मी को देखते हुए सुबह या शाम के समय फील्ड विजिट करने की सलाह दी गई है तथा स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है।


### नरवाना में जनगणना प्रथम चरण की शुरूआत

नरवाना। एसडीएम जगदीश चंद्र की मौजूदगी में नरवाना में जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरुआत हुई। नया बस स्टैंड सहित मकानों पर जनगणना कार्य से जुड़े कर्मियों यानी प्रगणकों द्वारा एसडीएम की मौजूदगी में मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना की प्रक्रिया शुरू की गई। एसडीएम जगदीश चंद्र ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य पूरा महीना यानी 30 मई तक चलेगा।

### उचाना में जनगणना 2027 का कार्य प्रारंभ

उचाना। जनगणना 2027 का को लेकर 1 मई से सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के तहत अधिकारीगण द्वारा क्षेत्र में निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करते हुए अधिकारियों ने फील्ड कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी सुपरवाइजर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए फील्ड में सक्रिय रूप से कार्य करते पाए गए। कार्य की प्रगति संतोषजनक पाई गई तथा टीम द्वारा पूर्ण जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ जनगणना कार्य किया जा रहा है।

## रोडवेज के खाते में जमा 140 करोड़ अटैच करने के आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नए बस स्टैंड के लिए जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया था। उनकी बढ़ी हुई मुआवजा राशि नहीं देने पर अतिरिक्त जिला न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने रोडवेज के खाते में जमा 140 करोड़ रुपये की राशि अटैच करने के आदेश दिए हैं। किसानों की बढ़ी हुई मुआवजा राशि 120 करोड़ रुपये से ज्यादा बनती है। शहर से बाहर बस स्टैंड बनाने के लिए पांडू पिंडारा गांव में किसानों की करीब 12 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया था। साल 2016 में अधिग्रहित जमीन का मुआवजा देने के लिए अवार्ड सुनाया गया था। किसानों के अनुसार तब कलेक्टर रेट के अनुसार सरकार की तरफ से मुआवजा राशि दी गई थी। जबकि मार्केट रेट इससे काफी ज्यादा था। बाद में जो नया कानून आया, उसके हिसाब से 20 किसानों ने मुआवजा राशि बढ़ाने के लिए जिला अदालत में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं के वकील ओपी बंसल के अनुसार अदालत ने पिछले साल अगस्त में मुआवजा राशि बढ़ाते हुए परिवहन विभाग को किसानों को देने के आदेश दिए थे। प्रति एकड़ साढ़े चार करोड़ रुपये मुआवजा राशि तय की गई थी। इसमें ब्याज व अन्य नियमों के अनुसार राशि जोड़कर प्रति एकड़ करीब 10 करोड़ रुपये बनते हैं। जिससे कुल राशि लगभग 120 करोड़ रुपये है। किसानों के वकील ने कहा कि परिवहन विभाग मामले को लगातार लंबा खींचता जा रहा है। परिवहन विभाग की तरफ से सरकारी वकील सुरेंद्र खटकड़ अदालत में पेश हुए और हरियाणा रोडवेज के जींद डिपो के महा प्रबंधक राहुल जैन हाजिर हुए। सरकारी वकील ने हरियाणा रोडवेज के महाप्रबंधक राहुल जैन की तरफ से अदालत को बताया कि परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत करवा दिया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग के संयुक्त निदेशक दिलबाग सिंह को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर कोर्ट को पूरी स्थिति से अवगत करवाने के आदेश दिए हैं।कम बनती है मुआवजा राशि, हाईकोर्ट में लगाई हुई है याचिकापरिवहन विभाग की तरफ से सरकारी वकील सुरेंद्र खटकड़ ने कहा कि कोर्ट की गणना के हिसाब से भी प्रति एकड़ मुआवजा राशि ढाई करोड़ रुपये बनती है। इसलिए जिला अदालत के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की हुई है। 25 मई को हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है।

## मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी नगर पालिका कार्यालय के सामने शुक्रवार को सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रधान विक्की कुमार की अध्यक्षता में एकत्रित कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से वे कच्चे कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें स्थायी नहीं किया गया है। उन्होंने मांग की कि सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए और ठेका प्रथा को तुरंत समाप्त किया जाए। कर्मचारियों ने सरकार से "समान काम, समान वेतन" लागू करने, 5000 जोखिम भत्ता देने तथा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर के फैसले के अनुसार कर्मचारी नीति बनाकर सभी कर्मचारियों को नियमित किया जाना चाहिए। सफाई कर्मचारियों का कहना था कि वे शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसके बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधाओं और अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इस मौके पर संजीव कुमार, बालकिशन, सुरेंद्र, सोना देवी, भगवान, विजय कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



**पुंडरी।** सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सफाई कर्मचारी।

## फर्जी दस्तावेज से बनवाया मृत्यु पंजीकरण, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद कैथल में मृत्यु पंजीकरण से जुड़े दस्तावेजों में हेराफेरी का आरोप लगा है। जांच में गड़बड़ी पाए जाने के बाद पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

थाना शहर कैथल में दी शिकायत में नगर परिषद कैथल के कार्यकारी अधिकारी संदीप सोलंकी ने बताया कि प्रताप गेट निवासी सुनील मदान ने अपने पिता नरेंद्र कुमार की मृत्यु पंजीकरण के लिए साल 2023 में दस्तावेज जमा करवाए थे। जांच दौरान नगर परिषद के जन्म-मृत्यु शाखा ने पाया कि आवेदन में दर्ज मृत्यु तिथि 3 जुलाई 2023 दी गई थी। जबकि वास्तविक संस्कार तिथि 3 जनवरी 2023 पाई गई। आरोप है कि शमशान घाट की रसीद में छेड़छाड़ कर गलत तिथि दर्शाते हुए दस्तावेज जमा कराए गए। इस संबंध में सुभाष नगर निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर जांच की गई थी, जिसमें दस्तावेजों की पड़ताल के बाद गड़बड़ी की पुष्टि हुई।

## धोखाधड़ी कर एक लाख 60 हजार निकाले

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने विवेकानंद नगर के एक व्यक्ति के बैंक खाते से बिना किसी ओटीपी या लिंक के रुपये निकालने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिजली बोर्ड से सेवानिवृत रमेश चंद्र ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके उज्जवल बैंक के दो खातों से सात अप्रैल को एक लाख 60 हजार रुपये निकाल लिए गए। जबकि इसके लिए उसने न तो किसी को कोई ओटीपी शेयर किया।

## आत्महत्या के लिए उकसाने वालों की गिरफ्तारी की मांग

- पुलिस ने मृतक की पुत्रवधु सहित चार पर किया हुआ है मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भिवानी रोड रेलवे फाटक के पास संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक व्यक्ति द्वारा रेलगाड़ी के आगे कूद आत्महत्या करने के मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने रोष जताया। परिजनों ने कहा कि जब तक आरोपितों को गिरफ्तार नही किया जाता तब तक शव का पोस्टमार्टम नही करवाएंगे। वहीं मृतक के शव की दशा को देखते हुए पोस्टमार्टम के लिए पीजीआईएमएस रोहतक रेफर किया गया है।

डिफेंस कालोनी निवासी जोगेंद्र ने वीरवार को संदिग्ध परिस्थितियों में भिवानी रोड रेलवे फाटक के पास रेलगाड़ी के आगे कूद आत्महत्या कर ली थी। रेलवे पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया था। मृतक की पत्नी अनिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे मनजीत की शादी 16 अप्रैल 2022 को रोहतक रोड चौड़ी गली निवासी दिव्या के साथ हुई थी। उसका बेटा और दिव्या कनाडा में रहते हैं। साल 2023 में दिव्या ने मपजीत पर दबाव डाल कर अपने भाई यश को कनाडा बुला लिया।

## यात्रियों की शिकायत पर परिवहन विभाग सख्त

# 18 बसों की चेकिंग, सात का 64 हजार का चालान काटा

विभाग द्वारा जींद-बरवाला व जींद-हांसी रूट पर बसों की जांच का अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिवहन विभाग कार्यालय की ओर से परिवहन समिति की बसों में यात्रियों के साथ चालक व परिचालक की लगातार शिकायत मिलने के बाद

स्पेशल चेकिंग अभियान चलाया गया। 18 बसों को चेक किया गया और सात बस में परिचालक के पास लाइसेंस, नंबर प्लेट के साथ बुजुर्गों व विद्यार्थियों के रियायती बस पास मान्य होने के बावजूद उनसे टिकट लेने पर सात बसों पर 64 हजार रुपये का चलान किया गया। जींद-बरवाला व जींद-हांसी रूट पर बसों की जांच का अभियान चलाया गया। जिला परिवहन विभाग कार्यालय टीम को ईक्कस गांव के पास एक प्राइवेट बस की छत पर विद्यार्थी बैठे हुए मिले। इसके बाद टीम ने चालक व परिचालक को फटकार लगाते हुए कहा कि छत पर किसी भी विद्यार्थी को बैठने की अनुमति नही दी जाए। बस की छत पर बैठने से विद्यार्थियों के गिरने की संभावना रहती है। गौरतलब है कि लगभग 10 दिन पहले परिवहन समिति की बसों में बुजुर्गों व विद्यार्थियों के रियायती पास मान्य होने को लेकर परिवहन आयुक्त ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के नाम पत्र जारी किया था। जारी पत्र में कहा गया कि स्टेज कैरिज स्कीम 2016 के अंतर्गत परमिट के अनुसार यह स्पष्ट किया गया है कि परमिट धारक छात्रों व रियायती और मुफ्त पास धारकों को अपनी बसों में उसी तरह लेकर जाने के लिए बाध्य होंगे। जिस तरह हरियाणा रोडवेज की बस करती हैं या राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जो प्रावधान किए जाते हैं।



बस की छत पर बैठे छात्रों को नीचे उतारते हुए अधिकारी।

### लगातार शिकायतें मिलने पर की कार्रवाई

जिला परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि कार्यालय में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी स्टेज कैरिज बसे छात्र व छात्राओं व बुजुर्गों को बस पास सुविधा नहीं उपलब्ध करा रहे। ऐसे में प्राइवेट बसों की जांच को लेकर शुक्रवार को स्पेशल चेकिंग अभियान चलाया गया है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। शुक्रवार को सात बसों की जांच की गई थी। जिसमें खामियां पाए जाने पर 64 हजार रुपये का चालान किया गया है।

## खबर संक्षेप

### प्रॉपर्टी पर लगाई बैंक की सील को तोड़ा

**जींद।** जुलाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति द्वारा बैंक द्वारा सील की गई प्रॉपर्टी को दोबारा से अपने कब्जे में लेने पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रतिनिधि विकास पंवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बैंक ने 27 फरवरी 2026 को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस की मौजूदगी में प्रॉपर्टी का कब्जा लिया था लेकिन जब 17 अप्रैल को बैंक अधिकारी विकास पंवार प्रॉपर्टी के निरीक्षण के लिए पहुंचे तो वहां पर ताला और सील टूटी हुई मिली। जुलाना थाना पुलिस ने बैंक अधिकारी की शिकायत पर सपना और उसके पति राजेश तथा एक अन्य संदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हर्षोल्लास से मनाया जाएगा भगवान परशुराम प्रगटोत्सव

**उचाना।** भाजपा नेता योगेश कसूहन ने कहा कि 3 मई को उचाना की ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम प्रगटोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसको लेकर आयोजन समिति गांव-गांव जाकर निमंत्रण दे रही है। मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे। मुख्य वक्ता शिक्षाविद रामचंद्र अत्री होंगे। हरियाणवी कलाकार संदीप शर्मा साहिल हरियाणवी अपने गीतों से भगवान परशुराम के जीवन एवं उनकी महिमा पर प्रकाश डालेंगे। हलके भर से ब्राह्मण समाज के प्रमुख लोग भी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे।

### तीन जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगी यात्रा

# बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

**मात्र 15 दिन में ही 400 से अधिक श्रद्धालुओं ने नागरिक अस्पताल में मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए होने वाली अमरनाथ यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगी। यात्रा को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मात्र 15 दिन में ही 400 से अधिक श्रद्धालुओं ने नागरिक अस्पताल में मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करवाया है। अमरनाथ गुफा तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं के पास दो प्रमुख मार्ग हैं। पहला मार्ग पहलगाम से होकर जाता है, जहां चंदनवाड़ी में बेस कैंप बनाया जाता है। इस रूट से यात्रा करीब 36 किलोमीटर लंबी है और गुफा तक पहुंचने में लगभग तीन दिन का समय लगता है। श्रद्धालु पैदल या घोड़े के माध्यम से यात्रा पूरी करते हैं। वहीं दूसरा मार्ग बालटाल से शुरू होता है। यह रास्ता अपेक्षाकृत छोटा लेकिन अधिक कठिन है। ऐसे में श्रद्धालुओं की मेडिकल प्रक्रिया को अनिवार्य किया गया है।



जींद। नागरिक अस्पताल में मेडिकल प्रक्रिया के लिए ओपीडी काउंटर पर पूछताछ करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### रजिस्ट्रेशन कराने का यह है तरीका

अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से किया जा सकता है। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आप श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की आधिकारिक वेबसाइट जेकेएसएएसबी डॉट एनआईसी डॉट इन पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा बोर्ड के मोबाइल एप के जरिए भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की बात करें तो बैंक में जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### अमरनाथ जाने वाले श्रद्धालु इन बातों का ध्यान रखें

यात्रा के दौरान मेडिकल सर्टिफिकेट, चार पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, आरएफआईडी कार्ड, ट्रैवल एप्लिकेशन फॉर्म अपने साथ रखें। फिजिकल फिटनेस के लिहाज से हर रोज चार से पांच किलोमीटर पैदल चलने की प्रैक्टिस करें। सांस वाला योग जैसे प्राणायाम और एक्सरसाइज करें। यात्रा में ऊनी कपड़े, रेनकोट, ट्रैकिंग स्टिक, पानी की बॉटल और जरूरी दवाओं का बैग अपने साथ रखें।

### यह है महत्व

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव सर्वप्रथम इस गुफा में श्रावण पूर्णिमा के दिन ही आए थे। इसलिए इस दिन पर इस गुफा के दर्शन का विशेष महत्व माना गया है। यही कारण है कि श्रावण पूर्णिमा यानी रक्षाबंधन के दिन ही गुफा में छड़ी मुबारक को शिवलिंग के पास स्थापित कर दिया जाता है। अमरनाथ गुफा में बनने वाले शिवलिंग को अमरेश्वर नाम से भी जाना जाता है। इस तीर्थ स्थल की यात्रा से व्यक्ति को 23 तीर्थों के दर्शन करने जितना पुण्य प्राप्त होता है। अमरनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की ऊंचाई चंद्रमा के चरणों के आधार पर घटती और बढ़ती रहती हैं।

### अमरनाथ यात्रा के लिए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र अनिवार्य

अमरनाथ यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र अनिवार्य होता है। इसके बिना पंजीकरण नहीं किया जाएगा। हेल्थ सर्टिफिकेट बनवाने के लिए बड़ी संख्या में लोग सिविल अस्पताल पहुंच रहे हैं। मेडिकल के लिए एक्सरे, ईसीजी और ब्लड जांच करानी होती है। सभी रिपोर्ट सामान्य आने के बाद फिजिशियन के हस्ताक्षर किए जाते हैं। तब जाकर प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। सुबह से ही श्रद्धालु अस्पतालों में पहुंचकर जांच करवा रहे हैं। जिससे अस्पतालों में भीड़ है। यात्रा शुरू होने में अभी बहुत समय शेष है। श्रद्धालुओं में बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए बहुत क्रेज है। ऐसे में अस्पताल में प्रतिदिन दस से 20 से 25 श्रद्धालु जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया को लेकर पहुंच रहे हैं। यात्रा पर 13 से 70 साल की उम्र तक के लोग जा सकते हैं।

**मेडिकल के लिए काफी संख्या में आ रहे श्रद्धालु : डा. भोला**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अमरनाथ में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए मेडिकल बोर्ड बना दिया गया है। श्रद्धालुओं को मेडिकल के लिए किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जा रही है। ज्यों-ज्यों यात्रा शुरू होने के दिन नजदीक आएंगे त्यों-त्यों श्रद्धालु भी जल्द से जल्द मेडिकल प्रक्रिया पूरी करवाने के लिए पहुंचेंगे। यात्रा के लिए स्वास्थ्य प्रमाणपत्र आवश्यक किया गया है।

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें विद्यार्थी : देवेंद्र अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

कसूहन गांव के चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। यहां पर 10वीं कक्षा में कोमल को 94.2, वृंदा खटकड़, वृष्ठि खटकड़ के 93.2 एवं खुशी 91.4 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में टॉप तीन स्थान प्राप्त करने पर पर सम्मानित किया गया। टॉप तीन स्थानों पर रही चार छात्राओं को इलेक्ट्रिक स्कूटी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विधायक ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढने के लिए प्रेरित किया। बेटी-पिता की विद्यार्थियों द्वारा दी गई प्रस्तुति पर विधायक पिता को याद कर भावुक हुए। विधायक ने कहा कि उनके पिता से जीवन में संघर्ष करना सीखा है। संघर्ष से ही जीवन में आगे बढ़ा सकता है। बंगाल चुनाव को लेकर विधायक ने दावा किया कि जो वोटिंग अधिक हुई है वो बंगाल में बदलाव का संकेत है। यहां पर दीदी का जाना तय है भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी।

## एफएलएस-2026 मूल्यांकन की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम ने आगामी एफएलएस -2026 मूल्यांकन के आयोजन की तिथियों की घोषणा कर दी है। यह मूल्यांकन छह से आठ मई तक प्रदेशभर में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में निदेशक, राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम ने सभी जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर जिला स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक सभी अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। इस बार मूल्यांकन प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। सबसे अहम बदलाव यह है कि एनसीईआरटी ने सभी फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स को टैबलेट उपलब्ध कराए हैं ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जा सके। इससे डेटा संकलन में सटीकता और गति दोनों बढ़ेगी। टैबलेट के माध्यम से बच्चों के अधिगम स्तर का मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे परिणामों का विश्लेषण अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। मूल्यांकन से पहले फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी जिलास्तर पर तय की गई है। चार और पांच मई को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स को मूल्यांकन की प्रक्रिया, उपकरणों के उपयोग और रिपोर्टिंग प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। यह प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ईक्कस में आयोजित होगा। राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम ने प्रत्येक जिले में मूल्यांकन की निगरानी के लिए दो कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए हैं जिसमें एक क डाइट से और दूसरा जिला समन्वयक एफएलएन के रूप में।




जींद। बैठक में मौजूद राजेश वशिष्ठ व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### वैश्विक शांति को लेकर विचार-विमर्श किया

**नरवाना।** राजस्थान के आबू राज में ब्रह्मकुमारी ज्ञान सरोवर में 30 अप्रैल से चार मई तक चलने वाले राष्ट्रीय मीडिया महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वैश्विक शांति की आवश्यकता मीडिया की भूमिका थीम के ऊपर एक बहुत बड़ा आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में वैश्विक शांति के ऊपर गहनता से विचार विमर्श किया गया तथा मीडिया जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी कहा जाता है उसको विश्व में शांति का संदेश फैलाने के लिए अहम भूमिका बताया गया।

## रक्तदान मानवता की सच्ची सेवाः सीमा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय द्वारा महर्षि पतंजलि योग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक एवं मानवीय पहल का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंदों की सहायता करना रहा। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने रक्तदान को मानवता की सच्ची सेवा बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह एवं सहभागिता की सराहना की। साथ ही भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त डा. राजेश कुमार बंसल (नियंत्रक परीक्षा) एवं डा. विजय कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

## नप सफाईकर्मियों ने शुरू की दो दिवसीय हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर शुक्रवार को सफाई कर्मचारियों ने अपनी दो दिवसीय हडताल शुरू की। हडताल की अध्यक्षता जिला प्रधान सोहनलाल ने की। हडताल के चलते जिले में सफाई कार्य भी नही किया गया। जिसके चलते शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लग गए।

नगर परिषद कार्यालय परिसर में हडतालरत सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सोहनलाल ने कहा कि वो लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं लेकिन उनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। कर्मचारी नेता विक्रम सिंह ने कहा कि मई दिवस पर नगर पालिका कर्मचारियों ने हडताल शुरू की है। रिटायर्ड कर्मचारी संघ उनकी हडताल का समर्थन करता है। आज मई दिवस भी है और मजदूरों के हकों पर पर ही सरकार लगातार हमला कर रही है। सकसं नेता संजीव ढांडा ने कहा कि नगर पालिका संघ ने जो दो दिवसीय हडताल शुरू की है, इसका सर्व कर्मचारी संघ समर्थन करता है। इनकी मांगें पूरी तरह से जायज हैं। सरकार लगातार सफाई कर्मियों के साथ अन्याय कर रही है।



जींद। नगर परिषद कार्यालय में हडताल पर बैठे सफाई कर्मचारी नारेबाजी करते हुए।

### बीसीए की छात्राओं को सॉफ्ट स्किल्स के महत्व को लेकर जागरूक किया

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा यूज आफ साफ्ट स्किल्स विषय पर एक ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बीसीए की छात्राओं को सॉफ्ट स्किल्स के महत्व और उनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन सुशीला के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं को कम्युनिकेशन स्किल्स, टीम वर्क, प्रोब्लम सॉल्विंग और टाइम मैनेजमेंट जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। छात्राओं ने आज के प्रतिस्पर्धी दौड़ में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स भी करियर में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है इस तथ्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर और अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षा डा. गीता गुप्ता का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सॉफ्ट स्किल्स उनके व्यक्तित्व विकास और प्रोफेशनल ग्रोथ में अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली और उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी स्किल्स को बेहतर बनाने का प्रयास किया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया गया। यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक साबित हुआ।



ग्रुप डिस्कशन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

**अपराध नियंत्रण** | साइबर ठगी की सूचना तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर दें

## साइबर पुलिस की सख्ती, होल्ड करवाए गए 98 लाख रुपये पीड़ितों को लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला जींद में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। वर्ष 2026 में कुल 1454 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। साइबर हैल्पलाइन 1930 के माध्यम से त्वरित कार्रवाई करते हुए एक करोड़ 37 लाख, 81 हजार 179 रुपये की राशि को होल्ड करवाया गया है। जो पीड़ितों को राहत प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है। इसी दौरान 22 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। जिनमें से 12 मामलों को ट्रेस किया गया।

गौरतलब है कि साइबर अपराधियों द्वारा प्रतिदिन साइबर ठगी के नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। जिसके कारण आमजन को आर्थिक परेशानी का सामाना करना पडता है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई के साथ-साथ लोगों की जागरूकता भी अहम भूमिका निभा रही है। साइबर क्राइम थाना जींद पुलिस के प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीप सिंह ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि होल्ड की गई एक करोड़ 37 लाख, 81 हजार 179 रुपये की राशि में से लगभग 98 लाख 40 हजार 416 रुपये पीड़ितों को सुपरदारी के माध्यम से वापस लौटाए गए हैं।

इस प्रणाली के तहत प्रारंभिक चरण में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के खाता धारकों को इसमें शामिल किया जाएगा। इस व्यवस्था के अंतर्गत किसी भी वित्तीय लेन-देन के लिए आने वाला ओटीपी मूल खाताधारक के साथ-साथ उनके परिजन जैसे बेटे, बेटी या अन्य विश्वसनीय सदस्य के पास भी भेजा जाएगा। दोनों की पुष्टि के पश्चात ही ट्रांजेक्शन को स्वीकृति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त खाताधारकों के बैंक लेनदेन की सीमा (ट्रांजेक्शन) लिमिट भी निर्धारित की जाएगी। जिससे किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। इस अभिनव व्यवस्था के लागू होने से डिजिटल अरैस्ट जैसे साइबर अपराधों पर प्रभावी रोक लगेगी। यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी होती है तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें या नजदीकी साइबर थाना में संपर्क करें ताकि समय रहते कार्रवाई कि जा सके।



### पैसे ऐंठने की घटनाएं सामने आ रही हैं

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने आमजन से अपील की कि वे साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे नए-नए तरीकों से सतर्क रहें। विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट जैसे फर्जी तरीकों से लोगों को डरा कर पैसे ऐंठने की घटनाएं सामने आ रही हैं। आमजन को समझना चाहिए कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन या वीडियो कॉल के माध्यम से इस प्रकार की कार्रवाई नहीं करती है। डिजिटल अरैस्ट जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न बैंकों द्वारा शीघ्र ही ड्यूल ओटीपी सिस्टमश लागू किया जा रहा है।

## न्यूज डॉयरी

### पशु चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार



**जींद।** जींद में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एवीटी स्टाफ ने पशु चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पशु चोरी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। एवीटी स्टाफ जींद के ईचांर्ज उपनिरीक्षक यशवीर सिंह ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि गांव पडाना निवासी करतार सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि पशु चोर उसके पशुबाड़े से चार भैंसों को चोरी कर ले गए हैं। जिनकी कीमत लाखों रुपये में है। जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया था। एवीटी स्टाफ ने तकनीकी जांच व साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढाया तो जिला कारागार में बंद उत्तर प्रदेश के शामली निवासी सारिक को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लिया और गिरफ्तार किया। आरोपित को अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है ताकि पशु चोरी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा सके। एवीटी स्टाफ जींद के ईचांर्ज उपनिरीक्षक यशवीर सिंह ने कहा कि पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### अलग-अलग स्थानों से लाखों की चोरी

**जींद।** जिला में चोरों ने अलग-अलग स्थानों से लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रोहतक रोड स्थित बाईपास नाके के पास दुकान मालिक सुरेश कुमार ने पुलिसको दी शिकायत में बताया कि 30 अप्रैल की शाम को उसकी दुकान से अज्ञात व्यक्ति ने करीब आठ से 10 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। वहीं गांव बेलरखां निवासी दुकान मालिक शमशेर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात लोगों ने उसकी दुकान का ताला तोड़ कर दुकान में रखे करीब सात हजार रुपये के सिक्के चोरी कर लिए हैं। नरवाना सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं गांव बेलरखां में सोने चांदी के आभूषणों की दुकान करने वाले दीपक सोनी ने गांव के ही अंकुश और फतिया तथा कैथल निवासी मानी पर आरोप लगाया है कि इन लोगों ने 28 अप्रैल की रात और 29 अप्रैल की सुबह के बीच उसकी दुकान से करीब डेढ़ किलो चांदी और एक तोला सोने के जेवर चोरी कर लिए। दीपक सोनी का कहना है कि दुकान के पास लगे सीसी टीवी कैमरे में यह लोग हाथ में डंडे लेकर सामान लेकर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने तीनों शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए चोरी के मामले दर्ज कर लिए हैं।

### उचाना में सरकारी छुट्टी के बाद खुला मिला स्कूल

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा बुद्ध पूर्णिमा पर छुट्टी के बावजूद स्कूल लगा नियमों की उल्लंघना करने वाले स्कूल पर उचाना नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने दस्तक दी। तहसीलदार श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां के निरीक्षण पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां छुट्टी के बावजूद कक्षाएं लगी हुई थी। जिस पर नायब तहसीलदार ने स्कूल प्रिंसिपल को चेताया कि सरकारी छुट्टी थी और उसके बावजूद भी स्कूल क्यों लगाया गया है। जिस पर प्रिंसिपल ने कहा कि हमें इस बारे में ज्ञान नहीं था। भविष्य में ध्यान रखा जाएगा। नायब तहसीलदार ने कहा कि भविष्य में सरकार के द्वारा जो भी आदेश जारी किया जाए, उनकी हर हाल में पालना सुनिश्चित की जाए।

### मजदूर दिवस पर संगठनों ने किया प्रदर्शन

**जींद।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जुलाना के लेबर शैड में मजदूरोंए कर्मचारियों और स्कीम वर्करों ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सीटू, सर्व कर्मचारी संघ और रिटायर्ड कर्मचारी संघ से जुड़े विभिन्न संगठनों ने सांझा तौर पर मई दिवस मनाया और श्रमिकों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीटू के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र ने कहा कि एक मई का दिन दुनिया भर के मजदूरों की शहादत और उनके संघर्षों का प्रतीक है। उन्होंने वर्तमान सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि श्रम कानूनों में बदलाव कर मजदूरों को गुलाम बनाने की साजिश रची जा रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### तबादले रद्द नहीं हुए तो होगा प्रदर्शन

**उचाना।** एसडीओ समेत तीन के तबादले रद्द नहीं होने पर बिजली कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है। बिजली निगम कार्यालय परिसर में लगातार 25वें दिन भी धरना जारी रहा। अध्यक्षता मनोज शर्मा दुर्जनपुर ने की संचालन मेहर सिंह डूमरखा ने किया। वक्ताओं ने कहा कि 25 दिनों से लगातार धरना जारी है लेकिन उनकी मांगों को अनसुना किया जा रहा है। अब 4 मई को बिजली कर्मचारी सड़कों पर उतर कर रोष प्रकट करेंगे। पालवां बस स्टॉप से शहर के बाजारों से होते हुए उपमंडल कार्यालय पहुंचेंगे। यहां पर एसडीएम के नाम ज्ञापन मांगों को को लेकर सौंपा जाएगा। बिजली निगम कार्यालय में 28 अप्रैल से कैश काउंटर बंद है। यहां पर किसी तरह का बिल जमा नहीं हो रहा है। पिछले कई दिनों से बड़े अधिकारियों द्वारा मध्यस्यता की जा रही है लेकिन बात सिरे नहीं चढ़ पा रही है। जब तक तबादले रद्द नहीं होते धरना जारी रहेगा।



### अभिभावक अपने बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ें : एडीसी

**जींद।** बाल भवन में बाल महोत्सव 2025 के जिलास्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद के प्रधान प्रदीप कुमार मुख्यअतिथि के तौर पर तथा भाजपा युवा नेता रुद्राक्ष मिड्ढा ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी वजीर सिंह दांगी तथा जिला बाल कल्याण अधिकारी मलकीयत चहल द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले 579 बच्चों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने पुरस्कृत बच्चों को बाल भवन जींद में होने वाली सभी सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों व अध्यापकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ें तथा उन्हें विशेष समय देना सुनिश्चित करें ताकि बच्चे आजकल की उभरती समस्या जैसे अकेलापनए मोबाइल व नशे आदि से दूर रह सके। विशिष्ट अतिथि रुद्राक्ष मिढ़ा ने कहानी के माध्यम से बच्चों को कड़ी मेहनत से आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

### गोकुल सेतिया के वायरल बयान के पक्ष में आए सांसद

**उचाना।** हिसार लोकसभा से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पहुंचे। यहां पर लोगों की समस्याओं को सुना उनका समाधान किया। महीने के पहले शुक्रवार को वो उचाना आते है। यहां पर भाजपा पर जमकर निशाना साधते हुए भाजपा को ड्रामेबाज पार्टी बताया। इतना ही नहीं कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया के उस वायरल पोस्ट का समर्थन करते हुए वो नजर आए जिसमें विधायक गोकुल सेतिया ने बृजेंद्र सिंह को भाजपा में मलाई खाने के बाद यात्रा निकाल कर हरियाणा का राहुल गांधी बनने की बात लिखी है। सांसद ने कहा कि भाजपा हमेशा ड्रामे की राजनीति करती है। भाजपा में अच्छे नेता नहीं है लेकिन अच्छे इवेंट मैनेज करने वाले लोग जरूर है। भाजपा स्पेशल सत्र बुलाए उसमें बेरोजगारी, बढ़ रहे भ्रष्टाचार, महंगाई, रोजगार, विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा पर चर्चा करें। इन

### 8.04 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**जींद।** उपायुक्त ने बताया कि जिले में गत दिवस तक कुल आठ लाख चार हजार 734 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा दो लाख 31 हजार 187 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा तीन लाख 33 हजार 691 मीट्रिक टन, भारतीय खाद्य निगम द्वारा 10,426 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 2,29,430 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। मंडी वार आंकड़ों के अनुसार गत दिवस तक उचाना मंडी में 85ख्764 मीट्रिक टन, पिल्लूखेड़ा में 67,696 मीट्रिक टन, जींद में 91,906 मीट्रिक टन, अलेवा में 35,286 मीट्रिक टन, सफीदों में 89,985 मीट्रिक टन, जुलाना में 97,903 मीट्रिक टन खरीद दर्ज की गई।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक की बाजू कटी, चालक फरार

**कैथल।** गांव पाडला के पास हुए सड़क हादसे में एक 29 साल के युवक की बाजू कट गई तथा टांग में फ्रैक्चर सहित कई गंभीर चोटें आई हैं। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। शिकायत में गांव कोलेखां के अमित ने बताया कि वह 26 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे अपनी बाइक पर गांव बाबा लदाना की ओर जा रहा था। जब वह गुहणा से आगे पाडला के पास पहुंचा तो सामने से तेज रफ्तार एक कार चालक ने अपनी कार को लापरवाही और तेज गति से चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। इस कारण वह बाइक सहित दूर जा गिरा। कार पेड़ से जा टकराई तो आरोपी गाड़ी छोड़कर फरार हो गया ।

### चोरों ने खेतों से हजारों के बिजली तार चुराए

**कैथल।** गांव मांडी सदरा निवासी सटालन सिंह ने बताया कि 29 अप्रैल सुबह जब वह खेत पर पहुंचा तो मोटर वाले कमरे से करीब 30 फीट तार और एक्साइड कंपनी की बैटरी चोरी मिली। योगा सिंह, दविंद्र सिंह, करनेल सिंह, नरिंदर सिंह, जतिंद्र सिंह, गुरविंद्र सिंह सहित अन्य किसानों के खेतों से भी 20 से 100 फीट तक तार और स्टार्टर चोरी किए गए। वहीं, कुराड़ निवासी संदीप कुमार ने शिकायत दी कि 30 अप्रैल सुबह जब वह खेत पर पहुंचा तो कोठे का ताला टूटा मिला। अंदर से करीब 300 फीट केबल और खेत में लगी समर्सिबल मोटर चोरी होना पाई गई।

### बिजली मीटर बाहर लगाने का ग्रामीण पहले कर चुके हैं विरोध

# बिजली कटों से नाराज लोगों ने कैथल-करनाल रोड किया जाम

- मुंदड़ी में तीन घंटे तक किया प्रदर्शन
- जगमग योजना का किया विरोध
- 13 घंटे सप्लाई देने का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

गांव मुंदड़ी में लगातार हो रहे बिजली कटों से नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह कैथल-करनाल रोड पर जाम लगा दिया। सुबह करीब 9:15 बजे लगाए गए इस जाम में सैकड़ों ग्रामीणों के साथ महिलाएं भी शामिल रहीं। ग्रामीणों ने सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और नियमित बिजली आपूर्ति की मांग उठाई।

सूचना मिलते ही भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष राजीव आर्य, प्रदेश महासचिव भूराराम, सुरेश कोथ व होशियार सिंह गिल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जो ग्रामीण चाहेंगे वहीं होगा। मांगे नहीं मानी गई तो हाईवे भी जाम करेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने सरकार की जगमग योजना का बहिष्कार किया हुआ है और गांव में बिजली मीटर बहार नहीं लगाए हैं। इसी के चलते उन्हें पर्याप्त बिजली सप्लाई नहीं दी जा रही और बार-बार कट लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों जितेंद्र कुमार, सुरेश, बलदेव, राजेश, कृष्ण व सुरेंद्र ने आरोप लगाया कि विभाग उन पर जगमग योजना लागू करने का दबाव बना रहा है और जानबूझकर दिन-रात बिजली आपूर्ति बाधित की जा रही है।

ग्रामीणों ने साफ कहा कि वे किसी भी सूरत में गांव को जगमग योजना में शामिल नहीं करेंगे और सरकार द्वारा निर्धारित 16 घंटे बिजली आपूर्ति उन्हें सुनिश्चित की जाए। करीब 12 बजे तक ग्रामीण जाम पर डटे रहे। जाम खुलवाने के लिए मौके पर एसडीएम कैथल संजय कुमार, बिजली निगम के एक्सईएन गौरव और एसडीओ कुलदीप पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण एक ही बात पर अड़े रहे कि बगैर जगमग योजना के उन्हें पर्याप्त बिजली सप्लाई दी जाए, तब तक वे जाम से नहीं हटेंगे। प्रशासन द्वारा रात में 10 घंटे और दिन में 3 घंटे बिजली सप्लाई देने का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने दोपहर 12 बजे जाम खोल दिया। वहीं, पूंडरी थाना प्रभारी शिव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।


पूंडरी। कैथल-करनाल रोड पर जाम लगाते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

#### जाम से राहगीरों को झेलनी पड़ी परेशानी

*करीब तीन घंटे तक लगे जाम के कारण कैथल-करनाल मार्ग पर लंबी कतारें लग गईं। दोनों ओर से आने वाले वाहन जाम में फंसे रहे। पुलिस ने बाद में पूंडरी और शुगर मिल के पास से वाहनों को डायवर्ट किया, लेकिन इसके बावजूद यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ा।*

### श्रमिक समाज की रीढ़, सम्मान हमारा कर्तव्य : निधि मोहन

**पूंडरी।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन द्वारा पूंडरी में सेवा एवं सम्मान का सराहनीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष निधि मोहन के नेतृत्व में ऑटो ई-रिक्शा समिति के मेहनती चालकों को परने, ठंडे पानी की बोतलें और मिठाई वितरित कर श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्यक्रम ने चालकों को राहत पहुंचाई। इस दौरान श्रमिकों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास उन्हें सम्मान के साथ नई ऊर्जा भी प्रदान करते हैं।

इस मौके पर निधि मोहन ने कहा कि "श्रमिक हमारे समाज की रीढ़ हैं, जो दिन-रात मेहनत कर देश और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाते हैं। श्रम का सम्मान करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।" उन्होंने बताया कि फाउंडेशन भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखेगी।

कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में श्रवण सिंगला मौजूद रहे। इसके अलावा बबीता सिंगला, डॉ. मनोज मंगल, मुनीश मित्तल, विजय, नवीन टाया, राजकुमार वर्मा, परवीन मित्तल, सुरेन्द्र जांगड़ा, बलवंत गोलन, राजेश शर्मा, नरेंद्र पटपटिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधान राजेश चड्डा व ऑटो चालकों ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी के स्वस्थ व सुरक्षित रहने की कामना की।

## न्यूज डायरी



### सेवानिवृति पर रणधीर सिंह का स्वागत

**ढांड।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सब-इंस्पेक्टर रणधीर सिंह के सेवानिवृत्त होकर गांव पहुंचने पर कौल में ऐतिहासिक स्वागत किया गया। लगभग 39 वर्षों तक देश सेवा में योगदान देने वाले रणधीर सिंह के सम्मान में ग्रामीणों ने भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। गांव के बस स्टैंड स्थित रोड राजा चौक पर जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल व सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती सहित अनेक लोगों ने पुष्प अर्पित कर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात ढोल-नगाड़ों के साथ मोटरसाइकिल रैली निकाली गई, जो गांव की मुख्य गलियों और बाजार से होती हुई महर्षि वाल्मीकि मंदिर पहुंची। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया।



### अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिकों का सम्मान

**पूंडरी।** अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के पावन अवसर पर अनाज मंडी पाई में एक सादगीपूर्ण एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मार्किट कमेटी पाई के चेयरमैन श्री कृष्ण शर्मा पिलनी ने मंडी में कार्यरत श्रमिकों को लड्डू खिलाकर उनका सम्मान किया तथा उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी ने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति और विकास में श्रमिक वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मेहनतकश श्रमिक अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से न केवल कृषि व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र की उन्नति में भी अहम योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिक हमारे समाज की रीढ़ हैं और उनके बिना किसी भी व्यवस्था का सुचारू संचालन संभव नहीं है।



### वार्ड एक से नई सोच नया शहर अभियान की शुरुआत

**कलायत।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर कलायत नगर पालिका द्वारा नई सोच नया शहर स्वच्छ अभियान की शुरुआत वार्ड नंबर 1 स्थित रैदास तख्त परिसर से की गई। जिला एवं उपमंडल प्रशासन की निर्धारित कार्ययोजना के तहत इस अभियान को पार्षद रेणु धानियां की अगुवाई में आगे बढ़ाया गया। अभियान के तहत वार्ड सहित पूरे शहर के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का विशेष प्रयास किया गया। वार्ड में सफाई अभियान चलाया गया और इसमें स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में नगरपालिका सफाई दरोगा सोम प्रकाश शर्मा, कॉर्डिनेटर सुरेश चहल, डोर-टू-डोर सुपरवाइजर विकास कुमार, वार्ड कमेटी के सदस्य और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।



### संकट मोचन हनुमान सेवा ट्रस्ट ने लगाया भंडारा

**कैथल।** माल गोदाम रोड हनुमान मार्किट, संकट मोचन हनुमान की प्रतिमा के पास 19वां भण्डारा आलू छोले व चावल इत्यादि का भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभांरभ राजा राम रिखी राम के मालिक कृष्ण सिंगला ने भगवान हनुमान जी सभी देवी देवताओं, जल देवता पर प्रसाद चढाकर भण्डारा का शुभांरभ किया। भण्डारे में लगभग एक हजार भक्तों ने प्रसाद को ग्रहण किया। यह भंडारा हनुमान मार्किट के दुकानदारों के सहयोग से लगाया जाता है। स्मरण रहे कि संकट मोचन हनुमान सेवा ट्रस्ट प्रति मास प्रत्येक पूर्णमासी को इस भंडारे का आयोजन करती है। इस मौके पर संकट मोचन हनुमान सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन सतपाल गुप्ता ने बताया कि यह हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है।



### बिजली कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर जताया रोष

**राजौंद।** बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के मामलों में समाधान कर उन्हें प्रमोशन दिया जा चुका है, जबकि कर्मचारियों के मामलों की अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों ने उपमंडल कार्यालय राजौंद में समय पालन की कमी, स्टाफ की भारी कमी और जर्जर भवन को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि स्टाफ की कमी के बावजूद कर्मचारियों को कैथल डिवीजन में कार्य पर लगाया जा रहा है, जिससे स्थानीय उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। सब यूनिट प्रधान अश्वनी ढांडा ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान पुंडरी यूनिट प्रधान जितेंद्र बक्कल आदि ने समर्थन दिया।



### प्रवीन को मिला अधीक्षक का अतिरिक्त कार्यभार

**कैथल।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कैथल में प्रवीन थरेजा को अधीक्षक पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया। उन्होंने पिछले 37 वर्षों से विभाग के विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए उन्होंने अपनी प्रशासनिक दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा की अलग पहचान बनाई है। कार्यालय में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार ने प्रवीन थरेजा को अधीक्षक का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण करवाया और बधाई दी। इस अवसर पर डीईओ सुभाष कुमार ने कहा कि प्रवीण थरेजा की कार्य क्षमता से सारा कार्यालय पहले से ही वाकिफ है। उन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए फाइल वर्क, रिकॉर्ड संधारण और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है।




### मई दिवस पर मजदूर संगठनों ने किया प्रदर्शन

**कैथल।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों,कर्मचारी संगठनों व संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 134वें अन्तरराष्ट्रीय मई दिवस के मौके पर फायर स्टेशन कैथल पर सभा की। उसके बाद फायर स्टेशन से पेहवा चौक से कमेटी चौक तक प्रदर्शन किया और फायर व नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन किया। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, सीटू, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, किसान सभा व जन सगंठनो ने फायर स्टेशन कैथल पर सुबह 10 बजे इकट्ठे होकर सभा की। इसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से ओमपाल भाल, रमेश हरित, जसबीर सिंह व संचालन सीटू के जिला सचिव नरेश रोहड़ा व एसकेएस जिला सचिव शिवचरण ने किया।


कैथल। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से बातचीत करते जिंदल फाउंडेशन के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### 'माय भारत क्विज' की प्रारंभिक परीक्षा का शुभारंभ एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आज होगा

**कैथल।** श्री नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया, ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'माय भारत क्विज' का आयोजन करने जा रही है। "माय भारत क्विज" में भाग लेने के लिए कैथल के सौ स्कूलों के 3000 छात्र 6 मई को प्रारंभिक परीक्षा देंगे। इस क्विज की प्रारंभिक परीक्षा का शुभारंभ कार्यक्रम, पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा कैथल में होगा। इस कार्यक्रम में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी मेजर जनरल असीम कोहली (सेवानिवृत), नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह पूर्व आईएएस, माय भारत क्विज के लिए प्रारंभिक परीक्षा का, सांसद नवीन जिन्दल की ओर से शुभारंभ करेंगे। और इस मौके पर स्कूलों के क्विज स्कूल नोडल को भी संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में सभी स्कूलों के क्विज नोडल को क्विज के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी, साथ ही क्विज के संचालन की पूरी प्रक्रिया, दिशा-निर्देश और आयोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में क्विज के सिलेबस पर भी मंथन किया जाएगा।

# बार एसो. में प्रद्युम्न गर्ग का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला बार एसोसिएशन कैथल द्वारा बार कौंसिल पंजाब व हरियाणा के नव-निर्वाचित सदस्य प्रद्युम्न गर्ग के सम्मान में जिला बार रूम में एक गरिमामय स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और सभी ने एक स्वर में नव-निर्वाचित सदस्य का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन अधिवक्ता सचिन सिंघल द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। प्रद्युम्न गर्ग ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा हेतु ठोस कदम उठाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करवाने के लिए प्रभावी पैरवी करेंगे, साथ ही अधिवक्ताओं के लिए अलग बजट प्रावधान सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वकीलों के लिए चैंबर्स की उचित व्यवस्था एवं मेडिकल इंश्योरेंस जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु भी वे गंभीरता से कार्य करेंगे। इस अवसर पर पूर्व प्रधान रणवीर प्राशर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए अधिवक्ताओं की एकजुटता पर बल दिया और प्रद्युम्न गर्ग से अपेक्षा जताई कि वे बार के हितों को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करेंगे। पूर्व प्रधान वेदप्रकाश ढुल्ल ने कहा कि नव-निर्वाचित सदस्य के रूप में प्रद्युम्न गर्ग का अनुभव और प्रतिबद्धता अधिवक्ता समुदाय के लिए लाभकारी सिद्ध होगी तथा वे वकीलों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रभावी पहल करेंगे। पूर्व प्रधान नफ़ेसिंह बेरवाल संजीव मौदगिल तथा हिमांशु गोयल ने कहा कि प्रद्युम्न गर्ग पहले भी नव-नामांकित अधिवक्ताओं के हितों के लिए सर्वोच्च न्यायालय तक प्रभावी लड़ाई लड़ चुके हैं और उनकी फीस कम करवाने में भूमिका निभा चुके हैं।


कैथल। प्रद्युम्न गर्ग को सम्मानित करते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

#### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर अधिवक्ता प्रद्युम्न गर्ग, पूर्व प्रधान अधिवक्ता रणवीर प्राशर, वेद प्रकाश ढुल, नफे सिंह बेरवाल व अधिवक्ता राम चौधरी, पी एल भारद्वाज, अंकुश जिंदल, सचिन सिंघल, हिमांशु गोयल, अर्पित चौधरी, राजीव चौधरी, सुखबीर कसाना, उपसम सिंगला, कृष्ण भारद्वाज, जितेंद्र मौर्य, दिनेश भाटिया, मोहित गुलाटी, मुनीश गर्ग व अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### पूंडरी में 15 मई तक चलेगा स्वच्छ अभियान

**पूंडरी।** नगरपालिका पूंडरी द्वारा नई सोच नया शहर स्वच्छ हरियाणा अभियान के अन्तर्गत 01 मई से 15 मई 2026 तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। एसआई वीरेंद्र ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, कचरे को अलग-अलग करना व पॉलीथिन का प्रयोग ना करना है।

उन्होंने बताया की इस अभियान के तहत घर घर जाकर जागरूकता अभियान, कॉलोनियों एवं बाजारों की विशेष सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त नागरिकों को स्वच्छता संबंधी नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया जाएगा। लोगों ने भाग लेने की अपील की गई है।


पूंडरी। सतपाल जाम्बा विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए।

### विधायक जाम्बा के प्रयासों से पूंडरी में विकास को नई ताकत, 2 बुलडोजर व एक जेसीबी मिली

**पूंडरी।** पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा के सतत प्रयासों से क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करते हुए एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के लिए 2 बुलडोजर एवं 1 जेसीबी मशीन की व्यवस्था की गई। इस कदम से क्षेत्र में सड़कों, नालों तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के कार्यों में तेजी आएगी और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर विधायक जाम्बा ने बताया कि इन मशीनों के माध्यम से विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा विभिन्न परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन तथा मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर प्रगति पर हैं। क्षेत्र के चहुंमुखी विकास हेतु ऐसे प्रयास भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। जनसेवा ही हमारा संकल्प है विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन वरुण कंसल, एसडीओ रविन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# विदाई पार्टी में आशीष को मिस्टर व निर्मल को मिस फेयरवेल चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जाट बी.एड. कॉलेज, कैथल के धन्ना भक्त ऑडिटोरियम हॉल में विदाई पार्टी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बैनिवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। राजकुमार बैनिवाल व कार्यकारिणी सदस्यों व प्राचार्य डॉ दिनेश सिंह ढिल्लों ने देवी सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके पार्टी कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, हरियाणवी डांस, पंजाबी डांस, गीत- गजल आदि के माध्यम से विदाई पार्टी समारोह को खुशनुमा बना दिया। इस अवसर पर द्वितीय वर्ष के छात्र आशीष कुमार को मिस्टर फेयरवेल व द्वितीय वर्ष की छात्रा निर्मल को मिस फेयरवेल चुना गया।

विदाई पार्टी कार्यक्रम में जाट हाई स्कूल सोसाईटी के उप प्रधान बलजिंदर सिंह बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन एवं कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सत्यवान माजरा , महावीर राविश,दलवीर कैरो,महावीर कुंडू, विक्रम सिंह, सन्नी चौशाला,राजपाल गुहणा, कुलदीप सिंह, जसवीर मानस, रजत रापड़िया, स्वतंत्र पाल, कॉलेज स्टाफ सदस्य चंद्र प्रकाश, राजेश ढुल, अंजू खटकड़, मोनिका, अंजू, वीरेंद्र कुंडू, सुरेंद्र सिंह, धीरज, सिकंदर आदि उपस्थित रहे।


कैथल। विदाई पार्टी में सीनियर को सम्मानित करते जूनियर। फोटो :हरिभूमि

### रोहेड़ा गांव में लगा जोड़ मेला, शहीद भगत सिंह के भतीजे ने दी श्रद्धांजलि

# शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंधु के स्मारक का किया अनावरण

#### निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का भी उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गांव रोहोड़ा में अमर शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंधु के स्मारक का वीरमाता रोशनी देवी, वीर पिता दलबीर सिंह एवं शहीद ए आजम भगत सिंह के भतीजे सरदार किरण जीत सिंह संधु द्वारा अनावरण किया गया। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि प्रातः 7 बजे हवन यज्ञ से कार्यक्रम शुरू हुआ। दीप प्रज्वलित किया। गांव के युवाओं द्वारा मुख्य अतिथि सरदार किरण जीत सिंह संधु को तिरंगे लेकर भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ स्मारक स्थल पर लाया गया। तब अनावरण की प्रक्रिया आरंभ हुई। बलिदानी की माता, चाची, ताई, भाभी और बहनों व गांव की मातृशक्ति ने सामाजिक परंपरा अनुसार बलिदानी की प्रतिमा को तिलक किया। मुख्य अतिथि, कर्नल अकरम दीन, राजपूताना राइफल, नौ राष्ट्रीय राइफल, पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल, एसएचओ, एनसीसी कैडेट्स, कमांडर, सूबेदार मेजर करण सिंह लोहन, गांव सरपंच,पूर्व सैन्य अधिकारी ने रीट चढ़ाई और सभी गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।


रोहेडा में जोड़ मेले को संबोधित करते पदाधिकारी फोटो :हरिभूमि

#### देशभक्ति गीतों से कलाकारों ने किया गुणगान

देशभक्ति गीतों के कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्रएं, सूबेदार मोतीलाल जांगड़ा, गायक कलाकार ईश्वर सिंह, लोक गायक कलाकार फौजी कर्मवीर ने नरेंद्र सिंह सिंधु व शहीद ए आजम भगत सिंह पर गीतों के साथ में समां बांध दिया। प्रधान जगजीत फौजी, गांव के गणमान्य व्यक्तियों, खापों से आए व्यक्तियों और मुख्यातिथि ने अपने भाषण में शहीद भगत सिंह व नरेंद्र सिंधु के जीवन एवं उनके देशभक्ति जज्बे पर प्रकाश डाला। सिग्नस अस्पताल ने निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप लगाया। साथ-साथ प्रसाद वितरण का कार्य भी चलता रहा। प्रधान ने गांव रेहोड़ा को बधाई देते हुए कहा कि रोहेड़ा गांव ने एकजुट होकर समूहिक रूप से भंडारे व अन्य बंदोबस्त किया। यह पूरे इलाके में एक मिसाल कायम की है और हम पूर्व सैनिक चाहते हैं कि इससे और गांवों को भी सीख मिले। इलाक़े की सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं द्वारा आकर श्रद्धांजलि देने का काम किया गया।



## खबर संक्षेप

### जूनियर बास्केटबॉल टीम की ट्रायल तीन मई को

जींद। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा तीन मई को छोटू राम किसान महाविद्यालय जींद स्टेडियम में जिला जींद की जूनियर, बास्केटबॉल टीम का चयन किया जाएगा। लड़कों की ट्रायल का समय सुबह आठ बजे व लड़कियों की ट्रायल का समय सुबह नौ बजे निर्धारित किया गया है। जिला बास्केटबाल एसोसिएशन के प्रधानए डा. राजपाल ढांडा ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का जन्म एक जनवरी 2008 या उसके बाद का होना अनिवार्य है।

## रेल यात्रियों की बढ़ी परेशानी

# इस माह दिल्ली-बठिंडा रूट पर चलने वाली छह पैसेंजर ट्रेनें रहेंगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद

दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर सफर करने वाले रेल यात्रियों की मई माह में परेशानी बढेगी। मई माह में इस रूट पर चलने वाली छह पैसेंजर ट्रेन रद्द रहेंगी वहीं आठ ट्रेन दिल्ली की बजाय शकूरबस्ती से लौटेंगी। इसके अलावा पांच ट्रेनों के रूट में बदलाव होगा। इस रूट पर चलने वाली पांच ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द किया गया है।

यह निर्णय किशनगंज रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक मरम्मत और रखरखाव कार्य के चलते लिया गया है। इस अवधि के दौरान ट्रैक की मरम्मत, स्लीपर बदलने और सिग्नल प्रणाली को दुरुस्त करने का काम किया जाएगा ताकि भविष्य में सभी ट्रेनों का संचालन सुरक्षित और सुचारु रूप से हो सके।

नई दिल्ली सीपीआरओ अजय माइकल ने बताया कि आठ ट्रेनों को शकूरबस्ती तक चलाया जाएगा और पांच ट्रेनों के रूट में बदलाव होगा। पांच से 14 मई तक किशनगंज स्टेशन के पास मरम्मत का कार्य होगा। इसके कारण छह ट्रेन रद्द रहेंगी।

**खास बातें**

- आठ ट्रेन दिल्ली की बजाय शकूरबस्ती से लौटेंगी
- पांच ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द किया गया




जींद जंक्शन। फोटो : हरिभूमि

**ये ट्रेनें दिल्ली की बजाए शकूरबस्ती तक जाएंगी**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 12481 | श्रीगंगानगर इंटरसिटी | -शकूरबस्ती | 14023 | दिल्ली-कुरुक्षेत्र | -शकूरबस्ती |
| 12482 | ्रीगंगानगर इंटरसिटी | -शकूरबस्ती | 14024 | कुरुक्षेत्र-दिल्ली | -शकूरबस्ती |
| 64912 | जींद न्यू दिल्ली | -शकूरबस्ती | 64931 | दिल्ली-जींद | -शकूरबस्ती |
| 64915 | न्यू दिल्ली जींद | -शकूरबस्ती | 64932 | जींद-दिल्ली | -शकूरबस्ती |

**इन ट्रेनों के रूट में बदलाव**

| ट्रेन नंबर | नाम | रूट | बदलाव |
|---|---|---|---|
| 16318 | श्रीमाता वैष्णवी देवी कटरा | दिल्ली कैंट, सराय रोहिला, दिल्ली | चार से 11 मई |
| 16032 | श्रीमाता वैष्णवी देवी कटरा | शकूरबस्ती, दयाबस्ती, सफदरगंज, ओखला | 5, 8, 9, 12 मई |
| 11450 | श्रीमाता वैष्णवी देवी कटरा | शकूरबस्ती, दयाबस्ती, सफदरगंज, ओखला | छह मई |
| 16788 | श्रीमाता वैष्णवी देवी कटरा | शकूरबस्ती, दयाबस्ती, सफदरगंज, ओखला | सात मई |
| 19804 | श्रीमाता वैष्णवी देवी कटरा | कोटा, शकूरबस्ती, दयाबस्ती, सफदरगंज, ओखला | दस मई |

**इस अवधि में रहेंगी रद्द**

| ट्रेन नंबर | नाम | कब तक रद्द रहेंगी |
|---|---|---|
| 54031 | दिल्ली-जींद | पांच से 14 मई |
| 54032 | जींद-दिल्ली | पांच से 13 मई |
| 54033 | दिल्ली- | नरवाना 11 से 12 मई |
| 54034 | जींद- | दिल्ली चार से 13 मई |
| 54035 | दिल्ली-जाखल | पांच से 13 मई |
| 54036 | जाखल-दिल्ली | दस से 12 मई |



जींद। रक्त के सैंपल लेते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### मलेरिया से बचने को घर-आंगन में पानी न रुकने दें

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत ईंटल खुर्द व ढांडा खेड़ी गांव में एमपीएचडब्ल्यू पवन कुमार, पवन श्योकंद, जयवीर, सुशील शर्मा, कविता रानी व भूपेंद्र व आशा वर्कर द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने रैपिड फीवर मास सर्वे के दौरान बुखार पीड़ित की रक्त पट्टिका बनाई और घरों के टंकी, कूलर, होदी, ड्रम, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे, छतों पर पड़े कबाड़ आदि में लार्वा की जांच की गई व मलेरिया से बचाव बारे पंपलेट भी बांटे गए। एमपीएचडब्ल्यू पवन कुमार व सुशील शर्मा ने बताया सर्वे के दौरान नुक्कड़ सभाएं करके आम जनता को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी गई और मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया, जापानी बुखार से बचाव बारे जागरूक किया। मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता हैद्ध जोकि पानी में अपना जीवन चक्र पूरा करता है। स्वास्थ्य कर्मयों ने मलेरिया बुखार के लक्षण बताते हुए कहा कि इसमे कंपकपी के साथ बुखार आता है और पसीना आकर बुखार उतर जाता है।



कलायत। कलायत पुलिस स्टेशन में शिकायत लेकर पहुंचे कुलदीप बिश्नोई समर्थक अंकुर निर्मल। फोटो :हरिभूमि

### सांसद रेखा शर्मा के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत

कलायत। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी भजनलाल के खिलाफ कथित विवादित टिप्पणी की चिंगारी कलायत विधानसभा में भी पहुंच गई है। इस मामले को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई समर्थकों ने स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत देते हुए राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की अर्जी दी है। युवा नेता अंकुर निर्मल की अगुवाई में पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई के समर्थकों ने पुलिस स्टेशन में शिकायत की कार्यवाही की। उनका आरोप है कि सांसद ने जानबूझकर राजनीतिक द्वेष के चलते अपमानजनक बयानबाजी की है। स्वर्गीय भजन लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। बावजूद इसके एक स्वर्गवासी व्यक्तित्व को गुंडागर्दी जैसे शब्दों से संबोधित करना अपमानजनक तो है ही वही समाज में भी गलत संदेश है। इससे उनकी भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस प्रकार के घटनाक्रम को लेकर हरियाणा की राजनीति में एक नई बहस छिड़ गई है। कुलदीप बिश्नोई और रेखा शर्मा दोनों ही सत्ताधारी भाजपा से जुड़े हुए हैं। प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है? यह देखने वाली बात होगी।

## जनता को त्वरित राहत देना शासन-प्रशासन का मूल उद्देश्य

# शिकायतों का जल्द करें समाधान लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

**समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर नियमित रूप से निगरानी रखने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद



जींद। मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविर के माध्यम से आने वाली शिकायतों का समयबद्ध और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं को लंबित नहीं रखा जाए, बल्कि गंभीरता से लेकर उनका जल्द निपटान किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों से प्राप्त शिकायतों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर नियमित रूप से निगरानी रखें और अपने विभाग से जुड़ी शिकायतों का समय पर समाधान कर उसे पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने अधिकारियों को इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जनसेवा के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में अब तक 10739 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 8725 का सफलतापूर्वक निपटान किया जा चुका है। शेष 194 शिकायतों पर तेजी से कार्यवाही जारी है। जिन्हें भी शीघ्र ही निर्धारित समयावधि में निपटा दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक शिकायत की जांच ठीक से की जाए और उसका समाधान करने के बाद तथ्यात्मक रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटाकर पूरी एटीआर के साथ अपडेट किया जाए। उपायुक्त ने सीएम विंडो पर लंबित पड़ी शिकायतों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जो शिकायतें लंबे समय से लंबित हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि जिला और उपमंडल स्तर पर हर सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में आमजन अपनी शिकायत लिखित रूप में देकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार, एसडीएम सत्यवान मान, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों

कैथल। एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। किसी भी विभाग की शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए और सभी अधिकारी इस प्रक्रिया में गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करें। एडीसी सुशील कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में समाधान शिविर से संबंधित शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों से लंबित मामलों की प्रगति रिपोर्ट ली गई। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर सरकार की एक महत्वपूर्ण जनहित पहल है, जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इसलिए प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से जांच करते हुए उसका उचित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की निरंतर मॉनिटरिंग करें और उनके निवारण की स्थिति को समय-समय पर अपडेट करते रहें। प्रत्येक शिकायत के समाधान के बाद उसकी रिपोर्ट भी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। रिपोर्ट स्पष्ट, प्रमाणिक और पूर्ण होनी चाहिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

## न्यूज डायरी

### सहेजने नहीं, बांटने में छिपी हैं खुशियां : आचार्य शर्मा



जींद। आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि प्रभु प्राप्ति हेतु मानव को वन में रह कर तप करने व भूख, प्यास, सर्दी, गर्मी का कष्ट सहते रहने की जरूरत नहीं है। जरूरत है तो इस बात की है कि वह अपने चित को संतुलित रखे। किसी के प्रति दुर्भाव ना रखे, किसी से दुव्यवहार न करे व प्राणी मात्र के प्रति हृदय में सद्भाव रखते हुए सबके लिए कल्याण की कामना करे। आचार्य पवन शर्मा शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर माता वैष्णवी धाम में आयोजित सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। आचार्य ने कहा कि भगवान बुद्ध जिन्होंने पूरे विश्व को अहिंसा, ज्ञान व शांति का संदेश दिया व बतलाया कि ईश्वर एक है व उनको प्राप्त करने के लिए जन-जन में उनका दर्शन करने की जरूरत है। अर्थात नरसेवा ही नारायण सेवा है। आचार्य ने कहा कि भगवान बुद्ध ने अपने जीवन काल में बौद्ध भिक्षुओं को आह्वान किया कि मानव जाति के उत्थान व उनके दुख व दर्द को दूर करने हेतु पूरी दुनिया में विचरण करो और साथ-साथ वे इस बात पर भी जोर देते थे कि परलोक को सुधारने की अपेक्षा अपने इहलोक का सुधार करो। उनके अनुसार यदि इहलोक सुधर गया तो परलोक स्वतः संवर जाएगा। जिसने अपने वर्तमान को सुधार लिया उसका भविष्य अपने आप सुधर जाएगा। आचार्य ने कहा कि जीवन में जो भी है वह वर्तमान है।



### गोगा मेड़ी मंदिर के पास तालाब में गंदगी का अंबार

राजौंद। शहर के कैथल मार्ग पर स्थित गोगा मेड़ी मंदिर के साथ लगा तालाब गंदगी और कचरे से भरा हुआ है। कभी ग्रामीण जीवन की रीढ़ माने जाने वाले ये तालाब आज प्रशासन और आम जनता की अनदेखी का शिकार बनकर रह गए हैं। एक समय था जब ये तालाब पशुओं के लिए वरदान साबित होते थे और आम लोगों की पानी से जुड़ी जरूरतों को भी पूरा करते थे, लेकिन आधुनिकता और तकनीकी विकास के चलते इनकी उपयोगिता कम होती चली गई। नगर पालिका बनने के एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी तालाबों की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया। हालांकि अब नगर पालिका ने इस दिशा में कदम उठाते हुए तालाब की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। यह कार्रवाई नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा द्वारा मौके का निरीक्षण करने के बाद शुरू की गई। नरेंद्र शर्मा ने बताया कि राजौंद और खुरडा गांव के तालाबों का सौंदर्यकरण किया जाएगा।

### सांसद ने किया केरल में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा



राजौंद। हिसार से सांसद जयप्रकाश ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस मजबूती से उभरकर सामने आएगी। दावा किया कि केरल में कांग्रेस की सरकार बनेगी, जबकि तमिलनाडु में डीएमके के साथ गठबंधन होने के कारण वहां गठबंधन की सरकार बनेगी। सांसद ने कहा कि असम में भी कांग्रेस ने पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ा है लेकिन परिसीमन के तहत वोट काटकर लोकतंत्र का अपमान किया गया है। वहीं पश्चिम बंगाल के भवानीपुर व कोलकाता में स्ट्रांग रूम से जुड़े वीडियो पर ममता बनर्जी के बयान के सवाल पर उन्होंने आरोप लगाया कि यह वोट चोरी का मामला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी पहले इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं और अब बंगाल में वीडियो सामने आ रहे हैं। महिला आरक्षण और परिसीमन बिल पर बोलते हुए सांसद ने कहा कि भाजपा यह झूठा प्रचार कर रही है कि कांग्रेस महिला आरक्षण की विरोधी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने खुद ही यह प्रावधान किया है कि 2026 में जनगणना होगी और 2034 में महिला आरक्षण लागू होगा, जबकि कांग्रेस चाहती है कि महिला आरक्षण तुरंत लागू किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तापक्ष मनमाने ढंग से लोकसभा सीटें बढ़ाना चाहता है, जो लोकतांत्रिक नियमों के खिलाफ है।



### सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र सौंप किया सम्मानित

जींद। महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) के सहयोग से अर्बन एस्टेट स्थित कार्यालय में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं विभिन्न जॉब ओरिएंटेड कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एचकेसीएल के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अभिजीत कुलकर्णी मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम समन्वयक आशीष कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। संस्था अध्यक्ष राजकुमार भोला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को डिजिटल स्किल्स, कंप्यूटर शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सिक्योरिटी एवं अन्य रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण क्षेत्रों में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। अभिजीत कुलकर्णी ने कहा कि आज का युग डिजिटल परिवर्तन का है। जहां युवाओं का तकनीकी रूप से दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है। डिजिटल स्किल्स न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाती हैं।

### भाई सुरेंद्र सिंह मलिक स्पोर्ट्स स्कूल दो महिला पहलवानों ने जीते पदक



जुलाना। कुश्ती में पदक जीतने वाली भाई सुरेंद्र सिंह मलिक स्पोर्ट्स स्कूल की महिला पहलवान। फोटो : हरिभूमि

जुलाना। जुलाना क्षेत्र के गांव निड़ानी स्थित भाई सुरेंद्र सिंह मलिक स्पोर्ट्स स्कूल की महिला पहलवानों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। महाराष्ट्र में 28 और 29 अप्रैल को आयोजित अंडर 17 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में स्कूल की खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। संस्था के संरक्षक एवं हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक डा. महेंद्र सिंह मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में उनकी संस्था की पहलवान तान्या ने 69 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं कनक ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। डा. मलिक ने कहा कि यह जीत न केवल खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है बल्कि उनके कोचों और अभिभावकों के सहयोग का भी बड़ा योगदान है। उन्होंने दोनों पहलवानों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेंगी।




जींद। डीएन मॉडल स्कूल में मजदूर दिवस पर कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे।

### डीएन मॉडल स्कूल में मनाया श्रमिक दिवस

जींद। डीएन मॉडल स्कूल में श्रमिक दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उन सभी सहयोगी कर्मचारियों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की, जो प्रतिदिन अपनी मेहनत से विद्यालय को सुव्यवस्थित और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस विशेष दिन पर विद्यालय के सम्माननीय सहयोगी कर्मचारी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनकी लगन, ईमानदारी और समर्पण के लिए विद्यालय परिवार ने उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। उनके लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई तथा उन्हें उपहार देकर उनकी सेवाओं का सम्मान किया गया। विद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि हर व्यक्ति का कार्य महत्वपूर्ण होता है और समाज में सभी को समान सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि श्रमिक दिवस हमें मेहनत की गरिमा और सम्मान का मूल्य सिखाता है। विद्यालय परिवार ने इस अवसर को और भी विशेष बनाते हुए सभी कर्मचारियों के साथ मिल कर इस दिन को उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर उप प्राचार्या रुचि गुप्ता ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि हमारे सहयोगी कर्मचारियों की मेहनत ही विद्यालय की मजबूत नींव है, जिसके बिना किसी भी संस्था का सफल संचालन संभव नहीं है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों ने भी सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका योगदान अमूल्य है और विद्यालय सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा।

# रोड सेफ्टी मानकों का रखें ख्याल ताकि हादसे में आए कमी : एडीसी

- गैरहाजिर होने पर डीएफओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। एडीसी सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा जनता के जीवन से जुड़ा मुद्दा है। इसलिए सभी संबंधित विभाग जिम्मेदारी के साथ काम करते हुए अपनी-अपनी सड़कों को सुगम एवं सुरक्षित बनाएं। सुनिश्चित करें कि जिले की सभी सड़कें रोड सेफ्टी मानकों पर खरी उतरें ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मीटिंग से गैर हाजिर होने पर डीएफओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। एडीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय रोड सेफ्टी कमेटी की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में जिले में चल रहे सड़क निर्माण, मरम्मत, जल निकासी और सुरक्षा कार्यों से संबंधित एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पूंडरी-करनाल रोड, ढांड रोड, कौल गांव, चंदाना और राजौंद क्षेत्र में चल रहे सीवरेज एवं सड़क निर्माण कार्यों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य जारी हैं, जबकि कुछ जगहों पर तकनीकी कारणों की वजह से देरी हुई है। एडीसी ने निर्देश दिए कि इन कार्यों में तेजी लाई जाए और बरसात से पहले सभी मुख्य सड़कों को प्राथमिकता के साथ दुरुस्त किया जाए। एडीसी ने निर्देश दिए कि सभी चौकों पर रिफ्लेक्टर होने चाहिए। कई क्षेत्रों में सीवर जाम और जलभराव की समस्या सामने आई। पब्लिक हेल्थ विभाग को निर्देश दिए गए कि सीवर की सफाई और जल निकासी व्यवस्था तुरंत दुरुस्त करें।

### ट्रैफिक पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

जींद। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देशन में जुलाना ट्रैफिक पुलिस ने जागरूकता अभियान के तहत सड़क सुरक्षा, गोल्डन आवर की महत्ता व गुड सेमेरिटन योजना के बारे में जानकारी दी। अभियान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड व नई अनाज मंडी सहित अन्य सार्वजनिक जगहों पर आयोजित किया गया। जुलाना ट्रैफिक इंचार्ज सह उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर समस्या बन चुकी हैं। प्रतिदिन कई लोग सड़क हादसों का शिकार होते हैं। जिनमें से कई की जान केवल इसलिए चली जाती है। क्योंकि उन्हें समय पर सहायता नहीं मिल पाती। उन्होंने गोल्डन आवर के बारे में समझाते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद का पहला एक घंटा घायल व्यक्ति के जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## चार लेबर कोड्स को तुरंत प्रभाव से रद्द करे सरकार

# मजदूर दिवस पर मजदूरों ने भरी हुंकार, शहर में किया प्रदर्शन

**पूंजीपतियों से मिलकर लोकतांत्रिक अधिकारों का कर रहे हनन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶जींद




जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए मजदूर व कर्मचारी।

मजदूर संगठन सीटू ओर कर्मचारी संगठन सर्व कर्मचारी संघ, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के आह्वान पर श्रमिकों, कर्मियों ने शुक्रवार को मजदूर दिवस पर साम्राज्यवादी हमलों और दमन के खिलाफ शहर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी श्रमिकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन से पहले नगर परिषद परिसर में रोष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मई दिवस के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए एक मिनट का मौन धारण किया गया। रोष सभा को संबोधित करते हुए कपूर सिंह, संजीव ढांडा, विक्रम सिंह, मनदीप नेहरा ने केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा मजदूरों के मानवाधिकारों के हनन और राज्य प्रायोजित दमन की निंदा की गई है। आरोप लगाया कि राज्य गठबंधन द्वारा लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन केवल कॉर्पोरेट लूट को बढ़ावा दिया जा रहा है। अमेरिकी विश्व में प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जे के लिए युद्ध कर रहा है। इसी कड़ी में ईरान के विरुद्ध अमेरिकी हमलों और आर्थिक नाकेबंदी की आलोचना की गई है। इस युद्ध का सबसे बुरा असर मेहनतकश जनता पर पड़ रहा है। हम सब मिलकर इन पूंजीवादी हमलों, शोषण और भेदभाव के विरुद्ध शांतिख लोकतंत्र अपना संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। इस मौके पर राजबाला, मुकेश, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राजकुमार श्योकंद, आजाद पांचाल, सतीश पटवारी, राजेंद्र सोनी, बेद प्रकाश, राजकुमार शामिल रहे।

### महिला बिल की बात करने वाली सरकारें कर रहीं महिलाओं का शोषण

सर्व कर्मचारी संघ की नेता सुनीता कालीरमन और सीटू की जिला उपप्रधान नीलम ने कहा कि महिला बिल की बात करने वाली केंद्र ओर राज्य की सरकारें लगातार महिलाओं का शोषण कर रही हैं। स्कीमो में लगी करोड़ों महिलाओं को नाममात्र वेतन दिया जाता है। मिड-डे मिल की महिलाओ को मिलने वाला नाममात्र मानदेय भी कई महीनों से अटका रहता है। केंद्र सरकार का एक हजार रूपये छह-छह महीने में मिलता है, आशा वर्करों को ऑनलाइन काम न करने पर धमकी दी जाती है। उनका सरकार भारी शोषण कर रही है। मजदूर नेताओं ने गुलामी की दास्तान लेबर कोड्स रद्द करने, मनरेगा की बहाली, वीबी रामजी रद्द हो, न्यूनतम वेतन 26 हजार करने, सभी के लिए पक्का रोजगार का प्रबंध करने व परियोजना कर्मयों को भी न्यूनतम वेतन के दायरे में लाने, निर्माण मजदूर का बंद पोर्टल चालू करने की मांग की। मंदीप नेहरा ने मजदूरों के अधिकारों, आजीविका और सम्मान की रक्षा के लिए सर्वहारा अंतरराष्ट्रीयवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। बाद में कर्मचारियों ने पुराना बस अड्डा तक रोष प्रदर्शन किया।